# स्वास्थ्य सेवाओं को नए आयाम दिए जाएंगे

## स्वस्थ प्रदेश ही समृद्ध प्रदेश की आधारशिला है : मुख्यमंत्री

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ प्रदेश ही समृद्ध प्रदेश की आधारशिला है.**

स्वास्थ्य अधोसंरचना के व्यापक विस्तार, गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाओं की उपलब्धता और चिकित्सा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में सुनियोजित प्रावधान किए गए हैं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का प्रत्येक



नागरिक, चाहे वह शहरी क्षेत्र में निवास करता हो या दूरस्थ ग्रामीण अंचल में, उसे समयबद्ध और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों. स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 23 हजार 747 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान है, जो राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से दर्शाता है. राज्य सरकार का संकल्प है कि स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन और सुदृढ़ अधोसंरचना के माध्यम से नए आयाम दिए जाएं. प्रदेश को सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर मप्र की दिशा में तेजी से अग्रसर करने लिए सतत और सशक्त प्रयास किए जा रहे हैं.

### दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंच बेहतर होगी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 4,600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, रोग नियंत्रण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन के लिए 1,934 करोड़ रुपये तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 782 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं. सामुदायिक, उप एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए 580 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और बेहतर होगी. आशा कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन के लिये 550 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के लिए 750 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा.

### अस्पतालों, चिकित्सा महाविद्यालयों का विस्तार

प्रदेश में विगत दो वर्षों में पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किए गए हैं. एमबीबीएस सीटों की संख्या 2,275 से बढ़कर 2,850 तथा स्नातकोत्तर सीटें 1,262 से बढ़कर 1,468 हो गई हैं. इंदौर, रीवा एवं सतना के चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन के साथ ही भोपाल, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सागर एवं ग्वालियर में उन्नत चिकित्सा सुविधाएँ विकसित की गई हैं. पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए धार, बैतूल, पन्ना और कटनी में एलओए जारी किया जा चुका है. अन्य 9 जिलों में प्रक्रिया प्रगतिरत है.

# आरएसएस पर बनी फिल्म शतक मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 मार्च. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर बनी फिल्म शतक को मप्र में टैक्स फ्री कर दिया गया है. वाणिज्यिक कर विभाग ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. ये छूट 3 मार्च से एक अप्रैल तक के लिए रहेगी.**

शतक फिल्म 19 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी. फिल्म शतक को आशीष मल्ल ने निर्देशित किया है. इस फिल्म में आरएसएस के सौ वर्ष की यात्रा का जिक्र किया गया है, किन परिस्थितियों में आरएसएस की स्थापना की गई, स्थापना के समय




किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, गोवा मुक्ति आंदोलन में संघ की क्या भूमिका रही.

आजादी के बाद पाकिस्तान के कबाइलियों द्वारा जम्मू कश्मीर में हमला करने के समय आरएसएस द्वारा श्रीनगर एयर स्ट्रीप को विमानों के उतरने के लिए तैयार करने का घटनाक्रम के साथ ही आरएसएस की शाखाओं के देशभर में विस्तार के बारे में बताया गया है.

## एक नजर में



### सांची विवि के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ का निधन

**सलामतपुर.** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ का 69 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमार थे. उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को भोपाल के सुभाष नगर विश्राम घाट पर किया गया. प्रो. लाभ ने बौद्ध दर्शन और पालि साहित्य पर 24 से अधिक पुस्तकें संपादित की हैं और उनके 90 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं.

### दिल के दौरे के कारण एएसआई की मृत्यु

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में ड्यूटी पर तैनात एक सहायक उप निरीक्षक की आज मंगलवार को अचानक हृदयाघात से मृत्यु हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम कल्याण सिंह रजक (58) था. वे आज अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे, तभी उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई. सहकर्मियों द्वारा उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. प्रारंभिक तौर पर मृत्यु का कारण दिल का दौरा आना बताया गया है. पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर जांच प्रारंभ कर दी है.

# एक करोड़ मीट्रिक टन तक पहुंच सकती है गेहूं खरीदी

- सरकार ने इसी हिसाब से तैयारियां शुरू कीं
- 2700 की दहलीज पार कर सकता है दाम

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 3 मार्च. यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो मप्र नए सीजन में गेहूं खरीदी के मामले में पंजाब, हरियाणा और उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों को कड़ी टक्कर दे सकता है. मप्र में नए सीजन में एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की सरकारी खरीदी हो सकती है. राज्य सरकार ने इसी हिसाब से तैयारियां शुरू कर दी है.**

केंद्र सरकार ने इस सीजन के लिए 2585 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया है. जो कि पिछले सीजन के मुकाबले 160 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है. इस बीच प्रदेश में इस सीजन में गेहूं की बम्पर आवक की संभावना जताई जा रही है.

लिहाजा सरकार ने खरीदी के लिए भी उसी हिसाब से इंतजाम करना शुरू कर दिया है. राज्य सरकार गेहूं के उठाव के लिए अतिरिक्त बारदाने का भी इंतजाम कर रही है. कम से कम 15 लाख मीट्रिक टन के लिए और बारदाने का इंतजाम किया जा रहा है. प्रदेश में इस समय गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन का सिलसिला चल रहा है. प्रदेशभर में 3186 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं. पिछले सीजन के दौरान प्रदेश में 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं की एमएसपी पर खरीदी की गई थी. इस खरीदी पर सरकार ने 20 हजार 213 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की थी, वैसे राज्य सरकार ने पिछले सीजन में भी लगभग 90 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी के हिसाब से तैयारी की थी.



### 18 लाख पहुंचेगी पंजीकृत किसानों की संख्या

पिछले पांच वर्षों में केवल दो बार ही ऐसा हुआ है जब गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या 18 लाख से अधिक पहुंची है. ये कोविड का सीजन था, जब प्रदेश में किसानों को मंडियों में गेहूं बेचना ज्यादा सुविधाजनक था. वर्ष 2021-22 में जब मप्र के साथ पूरा देश ही कोविड की चपेट में था, तब सबसे अधिक 24.72 लाख किसानों ने पंजीयन कराया था, वहीं अगले वर्ष जब कोविड की दूसरी लहर आई तब भी प्रदेश में 19.81 लाख किसानों ने मंडियों में गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था, उसके बाद इसमें लगातार गिरावट आती गई.

### अभी बोनस देने की घोषणा का इंतजार

राज्य सरकार ने पिछले सीजन में प्रति क्विंटल 175 रुपए बोनस भी दिया था, हालांकि केंद्र सरकार बोनस देने के पक्ष में नहीं है, इसके लिए विशेष अनुमति लेने की जरुरत पड़ती है. यह अनुमति भी सशर्त होती है. राज्य सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है. ऐसे में ये माना जा रहा है कि इस बार भी किसानों को बोनस देने की घोषणा हो सकती है. हालांकि इस मामले में राज्य सरकार का निर्णय काफी हद तक केंद्र के रूख पर तय होगा. यदि केंद्र सरकार से अनुमति मिलती है तो सरकार पिछले वर्ष की तरह ही प्रति क्विंटल 175 रुपए तक बोनस दे सकती है.

# मध्यप्रदेश के कई जिलों में तपिश हुई तेज

### जल्द अधिकतम तापमान 40 डिग्री पहुंचने की संभावना

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 03 मार्च. मार्च के महीने में ही कई शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री या इससे अधिक पहुंचने की संभावना है. इसके साथ ही इस महीने में बारिश के भी आसार बने हैं. इसे लेकर मौसम केंद्र ने अनुमान भी जारी किया है.**

प्रदेश में पिछले 24 घंटो के दौरान, प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. इस दौरान अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. ग्वालियर, चंबल, रीवा, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 1.7ए से. - 2.7एसे. तक अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहे. वहीं न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभागों के जिलों में सामान्य से 1.6एसे. - 2.2एसे. अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहे.

मौसम विभाग के मुताबिक एक ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ, मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी पवनों में एक ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर लगभग देशांतर 52एई के साथ, अक्षांश 33एएन के उत्तर में अवस्थित है.



इसके साथ एक ऊपरी चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई पर गुजरात क्षेत्र के ऊपर सक्रिय है. उत्तर-पश्चिम भारत, माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर लगभग 185 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है. एक अन्य ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ 06 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है.

### हत्याकांड में नाबालिग आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**भिण्ड.** जिले के लहार अनुभाग के दबोह में युवक मुकेश कुरचानियां की गोली मारकर हत्या के मामले में एक नाबालिग आरोपी ने आज दबोह थाने में आत्मसमर्पण कर दिया. इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. घटना 22 फरवरी की शाम दबोह की सब्जी मंडी के सामने हुई थी, जहां मुकेश कुरचानियां को गोली मार दी गई थी. गंभीर रूप से घायल मुकेश की लहार में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी. दबोह थाना पुलिस ने इस मामले में अमित यादव और भगवान सिंह जाटव के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज किया था.

# 1,835 मोबाइल फोन किए बरामद

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 3 मार्च. होली पर्व से पूर्व चलाए गए विशेष अभियान के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले तीन सप्ताह के दौरान 1,835 गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं.**

बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 3 करोड़ रुपये से अधिक है. सभी मोबाइल उनके वैध स्वामियों को वापस सौंप दिए गए हैं, जिससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है. नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों, साइबर विश्लेषण तथा सीईआईआर और एनसीआरपी पोर्टल के समन्वित उपयोग से कार्रवाई की.



थाना स्तर पर गठित विशेष टीमों ने कई मोबाइल फोन अन्य राज्यों से भी ट्रेस कर बरामद किए. ग्वालियर से 551 मोबाइल (लगभग 1.33 करोड़ रुपये), छतरपुर से 200, उज्जैन से 409 (लगभग 73.5 लाख रुपये), सिंगरौली से 172, मंडला से 253 तथा गुना से 213 (50 लाख रुपये से अधिक) मोबाइल बरामद किए गए. कटनी और जबलपुर (जीआरपी) में आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के मोबाइल जब्त किए गए. कई जिलों में होली के अवसर पर मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान लौटी और पुलिस के प्रति भरोसा और सुदृढ़ हुआ.

# तत्काल मदद ने दो लोगों की बचायी जान

## डायल-112 ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों की तत्परता से की मदद



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 03 मार्च. मऊगंज जिले में डायल-112 आपातकालीन सेवा के कर्मियों ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई.**

2 मार्च को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम, डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मऊगंज क्षेत्र अंतर्गत मऊगंज बाईपास के पास एक मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है. इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा तत्काल सहायता की आवश्यकता थी.

सूचना मिलते ही थाना मऊगंज में तैनात डायल-112 की प्रथम प्रतिक्रिया वाहन (एफआरवी) को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. आरक्षक रजनीश यादव और पायलट प्रवेश चतुर्वेदी बिना विलंब मौके पर पहुंचे, स्थिति का त्वरित आकलन किया और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया. डायल-112 टीम ने समय गंवाए बिना दोनों घायलों को सुरक्षित रूप से सिविल अस्पताल मऊगंज पहुंचाया, जहां उनका तत्काल उपचार शुरू कराया गया. टीम की जिम्मेदार और त्वरित कार्रवाई से संभावित गंभीर परिणामों को टाला जा सका, जो जनसेवा और सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

# रक्सौल-उधना के बीच विशेष ट्रेन

### भोपाल और संत हिरदाराम स्टेशनों से गुजरेगी

**भोपाल, 03 मार्च. रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है.**

इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 05559/05560 रक्सौल-उधना-रक्सौल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार 07 मार्च से एवं उधना से प्रत्येक रविवार 08 मार्च को भोपाल मंडल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर होकर दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप संचालित की जा रही है. गाड़ी संख्या 05559 रक्सौल-उधना स्पेशल ट्रेन 07 से 14 मार्च के बीच साप्ताहिक रूप से प्रत्येक शनिवार 05.30 बजे प्रस्थान कर बीना 23.40 बजे आगमन कर अगले दिन 02.05 बजे संत हिरदाराम नगर आगमन कर 13.05 बजे उधना पहुंचेगी.

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05560 उधना-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 08 से 15 मार्च के बीच साप्ताहिक रूप से प्रत्येक रविवार 15.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन संत हिरदारामनगर 02.30 बजे, बीना 05.15 बजे आगमन कर दूसरे दिन 00.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी.

यात्री, सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं.

### मुआवजा फर्जीवाड़ा मामले में छह को पांच-पांच वर्ष की सजा

**सतना.** बाणसागर परियोजना के लिए किए गए भू-अर्जन में मुआवजा राशि के फर्जीवाड़े के मामले में जिले की विशेष अदालत ने छह लोगों को पांच-पांच वर्ष की सजा सुनाई है। शासकीय अभिभाषक फखरुद्दीन ने बताया कि वर्ष 1997 में बाणसागर परियोजना के अंतर्गत अधिगृहित भूमि पर लगे वृक्षों के लिए 14 हजार 514 रुपये की मुआवजा राशि वास्तविक भूमि स्वामी रामेश्वर के स्थान पर शिवधारी पटेल और कौशल पटेल को दे दी गई थी।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, इन्दौर संभाग क्र.-1**

**जी-13, प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी, क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर, दूरभाष : 9425601533**

**निविदा सूचना क्र. 17/2025-26**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र. 1, इन्दौर द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, ए.बी. रोड, इन्दौर; अनुमानित लागत रु. 24.81 करोड़ हेतु निविदा (क्र. 2026_MPPHC_486654) आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124738/2026 — **परियोजना यंत्री**



**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**

**चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय जबलपुर म.प्र.**

क्रमांक/किचिन/निविदा/2026/1139 — जबलपुर/ दिनांक : 25/02/2026

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल जबलपुर द्वारा वर्ष 2026-28 हेतु विभिन्न निविदायें निविदाकारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं महत्तवपूर्ण तिथियों/अमानत राशि की जानकारी ऑनलाईन www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| 1. | आउटसोर्स के माध्यम से चिकित्सालय में जननी सुरक्षा योजना के तहत भर्ती मरीजों को चाय, नाशता, गुड मेवा लडडू, मीठा दलिया, नमकीन दलिया, पोहा, विस्किट, उपमा, तैयार कर वितरण का कार्य कराने हेतु( Second )ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। |
| 2. | आउटसोर्स के माध्यम से चिकित्सालय में भती मरीजों को भोजन तैयार कर बेड टू बेड वितरण का कार्य कराने हेतु( Second )ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। |

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय**
**जबलपुर म.प्र.**

G-26827/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



**कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म0प्र0)**

www.mptenders.gov.in **के माध्यम से**

**उद्योग से संबंधित ई-निविदा सूचना वर्ष 2026-27**

केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर में संचालित उद्योग की विभिन्न इकाईकों को संचालित किये जाने के लिए कच्ची सामग्री क्रय किए जाने हेतु उद्योग की वार्षिक निविदा ई-टेण्डार के माध्यम से दिनांक 30/03/2026 को अपरान्ह 05:30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आर्मत्रित की जाती है। निविदा विवरण निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक /समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 02/03/2026 11.30 बजे | जेल कार्यालय बेवसाइट |
| प्रिबिड मीटिंग | 17/03/2026 प्रातः 12.00 बजे | संबंधित जेल अधीक्षक कार्यालय नरसिंहपुर |
| ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि एवं निविदा फार्म की कीतम राशि रू. 1000/- लेखा शीर्ष 0056 जेलें-800 अन्य प्राप्तियों में ऑनलाईन जमा किया जावेगा। | 25/03/2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक | बेवसाईट www. mptenders. gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं आपेक्षित नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 30/03/2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक | बेवसाईट www. mptenders. gov.in पर स्वीकार की जावेगी। एवं नमूने जमा संबंधित जेल अधीक्षक कार्यालय |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं ऑनलाईन नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 07/04/2026 प्रातः 11:30 बजे | संबंधित जेल अधीक्षक कार्यालय |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की अंतिम तिथि | 07/04/2026 दोपहर 11:30 बजे | संबंधित जेल अधीक्षक कार्यालय |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

**जेल अधीक्षक**
**केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म0प्र0)**

जी-26840/25 — बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 39/2025-26 — सतना, दिनांक-26/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर ई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB _484889_1 | उपसंभाग नागौद अंतर्गत उचेहरा परसमनिया दुरेहा मार्ग लंबाई 1/2 से 1/10 एवं 31/2 (100) से 43/6 = 13.50 कि.मी. मे विशेष मजबूतीकरण का कार्य। | द्वितीय | 03 माह वर्षाकाल सहित | 31352366.00 | 313600.00 | 15000.00 |
| 2. | 2026_PWDRB _484890_1 | उपसंभाग अमरपाटन अंतर्गत न्यू रामनगर के आंतरिक मार्ग (ओ.डी. आर.) लंबाई 15.00 कि. मी. मे विशेष मजबूतीकरण का कार्य। | द्वितीय | 03 माह वर्षाकाल सहित | 31764356.00 | 317700.00 | 15000.00 |
| 3 | 2026_PWDRB _485440_1 | उपसंभाग मझगवां जिला सतना के विभिन्न मार्गों में जोनल पैच मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 4231211.00 | 50000.00 | 5000.00 |
| 4 | 2026_PWDRB _485441_1 | लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सतना अंतर्गत परफारमेंस गारंटी अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 4999929.00 | 50000.00 | 5000.00 |
| | | योग | | | 72347862.00 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनॅलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 16.03.2026 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है। ई. एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच., शपथपत्र, बिड की रसीद एवं अन्य दस्तावेज केवल आनॅलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग सतना (म.प्र.)**

जी-26869/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता